तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 दुकान में लगा रखा था यूरिया नहीं है का बोर्ड, छापे में 37 बोरी जब्त



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**अनूपपुर।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक ने बताया है कि चौथा ईएमआरएस फुटबाल बालक/बालिका 19 वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 अगस्त को शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में किया जाएगा। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के एकलव्य आवासीय विद्यालयों के बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग की टीम भाग लेंगी। प्रतियोगिता में चयनित दलों को राष्टीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत



**नगर।** जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम निवासी सुजीत कुमार उम्र 22 वर्ष पिता सजन जाति चेरवा की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुजीत कुमार अपनी पत्नी को बुलाने कचोहर जाने के लिए घर से निकला था। घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन पार करते समय वह अचानक गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आइं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रेलवे कर्मचारियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस एवं चरचा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### क्वार्टर का ताला तोड़कर लाखों का सामान पार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के पटना थानांर्गत पाण्डवपारा स्थित एसईसीएल क्वार्टर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के जेवर और नगदी सहित करीब 1 लाख 38 हजार रूपए का माल पार कर दिया। पीड़ित रवि रंजन जो एसईसीएल क्वार्टर नंबर इ-16 पाण्डवपारा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 20 अगस्त की रात 10:15 बजे वह अपनी पत्नी का इलाज कराने अपोलो अस्पताल बिलासपुर गए थे। अगले दिन यानी 21 अगस्त की रात 8:15 बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि क्वार्टर के गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के भीतर रखी उनकी पुरानी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीटी 3292, कीमत 60,000 रूपए, सोने-चांदी के जेवरात कीमत लगभग 48,000 रूपए और नगदी 30,000 रूपए गायब थे। कुल मिलाकर करीब 1,38,000 रूपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पर पटना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 305 (ए) 331 (1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चरचा साप्ताहिक बाजार से बाइक पार

**बैकुण्ठपुर।** चरचा थानांतर्गत कार्यरत मजदूर की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने साप्ताहिक बाजार से चोरी कर ली। ग्राम सरडी स्कूलपारा निवासी राजेश जो एसईसीएल चरचा में जनरल मजदूर के पद पर पदस्थ है। थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि रविवार के दिन वह शाम 5:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीएम 0738 से चरचा साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने गया था। उसने वाहन को श्रमवीर स्टेडियम ग्राउंड के पास खड़ा किया और सब्जी लेने बाजार चला गया। लगभग 6 बजे जब वह लौटा तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। राजेश ने 23 अगस्त तक अपने स्तर पर वाहन खोजने की कोशिश की, परंतु सफलता न मिलने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सलका में खंडहर बनते जा रहे सरकारी मकान

# आज तक आबाद नहीं हो सका अटल आवास





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय से मात्र 5 किमी दूर स्थित सलका में बना अटल आवास योजना का परिसर आज भी वीरान पड़ा है। वर्षों पहले गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आशियाना देने के उद्देश्य से करोड़ों की लागत से बनाए गए ये आवास आज खंडहर में तब्दील हो रहे हैं।

हालत यह है कि इन भवनों में न तो पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं हैं और न ही प्रशासन की कोई गंभीरता दिखाई देती है। पानी, बिजली, नाली और साफ-सफाई जैसी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी तरह नदारद हैं। यही कारण है कि यहां रहने वाले कुछ गिने-चुने परिवार भी अब पलायन की सोचने लगे हैं। शहर के निवासी गप्पू नामदेव ने बताया कि सरकार ने तो मकान दे दिया, लेकिन रहने लायक व्यवस्था नहीं है। न पीने का पानी है, न साफ-सफाई। बरसात में छतें टपकती हैं और चारों ओर गंदगी फैली रहती है। एक अन्य महिला रामबाई ने कहा कि यहां तो कोई अधिकारी झांकने तक नहीं आता। बच्चों को बीमारी का डर लगा रहता है, पर जाएं तो जाएं कहां।

### विकास का सपना बना उपेक्षा का शिकार

अटल आवास का निर्माण समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन आज यह योजना उपेक्षा और भ्रष्टाचार का प्रतीक बनती जा रही है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण यहां न तो लोग रह पा रहे हैं और न ही भवनों का रख-रखाव हो पा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से निवासियों ने गुहार लगाई है कि इस अटल आवास योजना को पुर्नजीवित किया जाए। मरम्मत, साफ-सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था कर इसे दोबारा रहने लायक बनाया जाए।



### जर्जर भवनों में रहने को विवश लोग

सलका क्षेत्र में बने अटल आवास योजना के अंतर्गत आवंटित मकानों की हालत बदतर होती जा रही है। यहां रह रहे लोगों को बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आवासीय भवन धीरे-धीरे जर्जर हो रहे हैं। कई मकानों में प्लास्टर झड़ रहा है, छतें टपक रही हैं और दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर नालियां जाम पड़ी हैं, कचरे का नियमित निस्तारण नहीं हो रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली रहती है। रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से नगर पालिका या प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। न तो मरम्मत के प्रयास किए जा रहे हैं और न ही सफाई की व्यवस्था नियमित है, इसके चलते यहां रहना लोगों के लिए किसी सजा से कम नहीं रह गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अटल आवास की मरम्मत, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाए(

# आज विराजेंगे विघ्नहर्ता भगवान गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

■ गणेश चतुर्थी की तैयारियां पूर्ण

विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का आगमन बुधवार 27 अगस्त को होगा। इस दिन शुभ मुहूर्त प्रातः 11:05 से दोपहर 1:40 बजे तक भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। 10 दिनों तक चलने वाले इस पर्व का समापन 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन के साथ होगा। क्षेत्र की गणेश पूजा समितियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार को ढोल-नगाड़ों और डीजे की गूंज के बीच विभिन्न पंडालों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गईं। स्थानीय मूर्तिकार अजय कुमार ने इस वर्ष 30 से अधिक प्रतिमाएं तैयार कीं, जिनकी बुकिंग पहले ही हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि अब लोग बाहर से प्रतिमाएं मंगवाने के बजाए स्थानीय कारीगरों से ही बनवाना पसंद कर रहे हैं, जिससे मूर्तिकारों को अच्छा रोजगार मिला है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न पूजा समितियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। इनमें स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। वहीं घर-घर में भी श्रद्धालु गणपति की पूजा-अर्चना कर मोदक, लड्डू व अन्य मिष्ठान का भोग लगाएंगे।



मूर्ति को अंतिम रूप देता मूर्तिकार।

# संतोषी की कूची से संवर रही गणपति की मूर्ति

■ बिहान से मिली ताकत, परंपरागत मूर्तिकार परिवार को नई पहचान


**बैकुण्ठपुर।** विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत कटोरा की ज्वाला महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती संतोषी प्रजापति ने अपने परंपरागत मूर्ति निर्माण कार्य को व्यवसायिक रूप देकर नई राह बनाई है। बिहान मिशन के सहयोग से लिए गए एक लाख रूपए के ऋण ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया। पति से विरासत में मिले मूर्तिकार कला में संतोषी ने अपनी कूची और रंगों का हुनर जोड़कर कृष्ण, गणेश और दुर्गा की प्रतिमाओं को और आकर्षक रूप देना शुरू किया। बारहवीं तक पढ़ाई की तीन बच्चों की मां संतोषी की मेहनत से उनके परिवार को प्रतिमाह 20 से 25 हजार की आमदनी होने लगी। साथ ही उन्होंने एक छोटी किराना दुकान भी शुरू की, जिससे 6 से 7 हजार रूपए मासिक अतिरिक्त लाभ मिलने लगा। त्योहारों के मौसम में संतोषी और उनका परिवार मूर्ति निर्माण से 2 से 3 लाख रूपए की आमदनी की उम्मीद कर रहे हैं। पारंपरिक पेशे को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने वाली संतोषी अब लखपति दीदी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पकड़ने वाली संतोषी आज अपने गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा और मिसाल बन गई है।



## नाबालिग की बेरहमी से पिटाई पुलिस पर पक्षपात का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ सिटी कोतवाली पुलिस के रवैए से लोगों में आक्रोश



जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में बीती रात एक नाबालिग युवक को कुछ लोगों ने रोड किनारे बेरहमी से पीट डाला। बताया जाता है कि घटना की शुरूआत तब हुई जब नाबालिग की स्कूटी अनियंत्रित होकर संबंधित लोगों के वाहन से टकरा गई। मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया और नाबालिग की बेदम पिटाई कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार नाबालिग सड़क पर अचानक आए मवेशी को बचाने के चक्कर में गिर पड़ा। इसी बीच पास खड़ी कार का दरवाजा खुला, जिससे कहासुनी हुई और मामला बढ़कर हाथापाई में बदल गया। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति और कुछ महिलाएं लगातार उस नाबालिग पर हमला करते रहे। गंभीर रूप से घायल नाबालिग को दोस्तों और परिजन ने जिला अस्पताल बैकुंठपुर पहुंचाया, जहां उसकी हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने अंबिकापुर रेफर कर दिया, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है। इस दौरान आरोपियों ने खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व मंत्री का रिश्तेदार बताते हुए अस्पताल परिसर में भी लोगों और डॉक्टरों को धमकाया। घटना के बाद जब परिजन सिटी कोतवाली पहुंचे और मामला दर्ज कराने की मांग की तो पुलिस ने टाल-मटोल करते हुए एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया, इससे आक्रोशित परिजन और स्थानीय नागरिक थाना परिसर में एकत्र हो गए और पुलिस पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करती है तो इससे आम जनता का भरोसा पुलिस पर से उठ जाएगा।

### कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले में 1से 30 सितंबर तक स्कूलों और कॉलेजों में आधार कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक को निर्देश दिए हैं कि तिथिवार कैलेंडर जारी कर उसके अनुसार कैंप आयोजित किए जाएं। प्रत्येक स्कूल और कॉलेज में नोडल अधिकारी प्राचार्य होंगे। इसमें सभी विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाए जाएंगे और मौजूदा आधार कार्ड की त्रुटियों को सुधारने का कार्य भी किया जाएगा। कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

# मंत्री जायसवाल के साथ चेंबर की चाय पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



दो और विभागों का दायित्व मिलने के बाद प्रथम बार मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ प्रवास पर आए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का अभिनंदन करते हुए चेंबर टीम ने उनके साथ चाय पर चर्चा की। इसमें क्षेत्र के विकास और उनकी योजनाओं पर विस्तृत बात हुई, व्यापारियों की जिज्ञासा पर स्पष्ट और संतुष्टि दायक जवाब स्वास्थ्य मंत्री ने दिया।

प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन ने श्री जायसवाल से निवेदन किया कि आपके द्वारा की गई मेडिकल कॉलेज की घोषणा पर व्यापारी भ्रमित हो रहे हैं, जिस पर श्री जायसवाल ने पूरी तरह स्पष्ट किया कि मेडिकल कॉलेज के गजट नोटिफिकेशन, टेंडर की प्रक्रिया आदि चल रही है। इसी वर्ष अंत तक मेडिकल कॉलेज और 220 बिस्तर हॉस्पिटल का कार्य शुरू होने की पूरी संभावना है। प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार के जिज्ञासा पर रेलवे लाइन की स्थिति से अपने व्यापारी भाइयों को अवगत कराते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी और सबको यह भरोसा दिलाया कि आप भ्रमित ना हो, मैंने जो घोषणाएं की है एक-एक करके सभी पूरी करके छोड़ूंगा। जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट ऑफिस मनेन्द्रगढ़ के समीप एक ही कंपोजिट बिल्डिंग में बनाने की बात कही, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने पूरी स्पष्टता के साथ आश्वासन दिया।

वाइस चेयरमैन जयचंद बोथरा ने तहसील के सामने पार्क के नाम पर खाली पड़ी भूमि को व्यवस्थित करने की बात कही, जिस पर सभी चैंबर सदस्यों की सहमति से मिलेट्स कैफे बनवाने की मंत्री ने घोषणा कर तत्काल जिलाधीश को इस पर अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपस्थित चेंबर पदाधिकारियों ने भूपेन्द्र क्लब की जमीन को व्यवस्थित कर ⏭ शेष पेज 4 पर

# वन विकास निगम पर पेड़ कटाई का आरोप

**डोमनहिल।** पर्यावरण संरक्षण के नाम पर किए जा रहे कार्य अब सवालों के घेरे में आ गए हैं। वन विकास निगम द्वारा ठेकेदार माध्यम से क्षेत्र में प्लांटेशन कराया जा रहा है, लेकिन इसकी आड़ में हरे-भरे वृक्षों की कटाई कर उन्हें फेंसिंग पोल के रूप में उपयोग किए जाने की शिकायत सामने आई है।

पूर्व पार्षद राकेश परासर ने कुरासिया नर्सरी में लगे वर्षों पुराने और फलदार पेड़ों को काटकर सीमेंट पोल की जगह फेंसिंग में लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे वन विकास के बजाए वन विनाश करार देते हुए स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी, एसईसीएल एवं वन विभाग को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में कहा गया है कि ठेकेदार द्वारा सड़क दफाई से मुक्तिधाम तक पुराने रोड एरिया में सीमेंट पोल और कांटेदार तार से फेसिंग की जा रही है, इसके लिए नर्सरी के पेड़ों को ही काटकर खंभे के रूप में खड़ा किया गया है। परासर ने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट करना चाहिए कि पेड़ों की कटाई किसके आदेश पर हुई और क्या इसकी अनुमति वन विभाग से ली गई थी। इधर कार्य की देखरेख कर रहे अंडरटेकर हेमंत कुमार जायसवाल ने सफाई दी है कि फेंसिंग में लगाए गए खंभे काटे नहीं गए, बल्कि नर्सरी में गिरे पड़े पौधों को उठाकर लगाए गए हैं।





# भाजपा सरकार की नाकामी से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई



**मनेन्द्रगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने भाजपा सरकार और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज पूरे जिले की हालत बद से बदतर है। पीलिया से लगातार मौते हो रही है।

टायफाइड और वायरल बुखार तेजी से फैल रहा है, लेकिन भाजपा सरकार और मंत्री केवल अपने स्वागत और प्रचार में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सप्लाई की गई दवाएं नकली निकली और डेढ़ साल तक मरीजों को यही दवाएं खिलाई जाती रहीं। यह प्रदेश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य घोटाले की मिसाल है। हालत यह है कि न तो मरीजों को समय पर एम्बुलेंस मिल रही है, न ही सही दवा और अस्पतालों में भर्ती मरीज जमीन पर लेटकर इलाज कराने को मजबूर हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की लापरवाही और भ्रष्टाचार की वजह से आज आम जनता का ⏭ शेष पेज 4 पर

## पति की लंबी उम्र की कामना

# महिलाओं ने रखा तीजा का निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





सावन-भादो मास की परंपरा अनुसार मंगलवार को जिलेभर की विवाहित महिलाओं ने तीजा का निर्जला व्रत रखा।

इस अवसर पर महिलाओं ने सोमवार की रात करू-भात (अरबी की सब्जी व चावल) का सेवन किया और सूर्योदय से निर्जला व्रत का संकल्प लिया। सुबह से ही महिलाएं स्नान-ध्यान कर अपने-अपने घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ में जुट गइं। पारंपरिक वेशभूषा और सुहाग के प्रतीक श्रृंगार से सजी महिलाओं ने व्रत-पूजन कर पति की लंबी आयु और वैवाहिक सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर महिलाएं बिना जल और अन्न ग्रहण किए पूजा-पाठ करती रहीं। शाम को व्रत का पारायण कथा-वाचन और भगवान शिव-पार्वती की पूजा के बाद किया जाएगा। ग्रामीण अंचल के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी तीजा पर्व की छटा देखते ही बन रही है। जगह-जगह मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही।

### व्रत के दिन भी एनएचएम महिला कर्मियों का प्रदर्शन





मंगलवार को तीजा के त्यौहार में जहां महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखी हुईं थीं, बावजूद इसके भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ की महिला कर्मचारियों ने शहर के प्रेमाबाग में अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। महिला कर्मचारियों का कहना है कि परिवार और परंपरा के साथ-साथ वे अपने हक और अधिकारों की लड़ाई को भी नहीं भूल सकतीं। इसलिए तीजा जैसे पावन पर्व पर भी उन्होंने संगठन के साथ मिलकर अपनी मांगों को मजबूती से रखा और भगवान के साथ ही सीएम और स्वास्थ्य मंत्री के फोटो की पूजा-अर्चना भी किए हैं।

# अंधविश्वास व कुप्रथाओं के खिलाफ उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी




समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवाद, कुरीतियों और कुप्रथाओं को समाप्त कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से 25 अगस्त को इंडिया मार्च फॉर साइंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम इंडिया मार्च फॉर साइंस ऑर्गनाइजिंग कमेटी कोरिया एवं ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद शाला, कन्या माध्यमिक शाला, माध्यमिक शाला बालक, स्वामी रामदास स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, पीएम श्री प्राथमिक शाला सहित चरचा के विभिन्न स्कूलों से लगभग 150 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने जुलूस निकाला। इनकी मुख्य मांग अंधविश्वास निवारण कानून 2005 को सख्ती से लागू किया जाए। संविधान के अनुच्छेद 51 (क) को पूर्णतः लागू किया जाए। केन्द्रीय बजट का 3 प्रतिशत वैज्ञानिक व तकनीकी अनुसंधान तथा राज्य बजट का 10 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च हो। शिक्षा में वैज्ञानिक प्रमाण के विपरीत कोई भी मत न पढ़ाया जाए। सभी नीतियां साक्ष्य आधारित विज्ञान पर निर्मित हों। पाठ्यक्रम से हटाए गए डार्विन के विकासवाद सिद्धांत को पुनः शामिल किया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं एवं विज्ञान कार्यकर्ता कमल डडसेना ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अभाव में पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास व पाखंड में फंस जाते हैं। आज भी नरबलि, जादू टोना व टोनही जैसी कुप्रथाओं के कारण निर्दोष लोगों को प्रताड़ति व मारा जा रहा है। समाज के विकास के लिए विज्ञान को जीवन चर्या में अपनाना आवश्यक है। शिक्षक अमरनाथ सिंह और श्रीमती ताहिरा बानो ने दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सोच अपनाने पर ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप




### ओपीएस के 4 खिलाड़ियों ने नेशनल बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी मोहम्मद अली, अंश कुमार, अक्षत गुप्ता एवं अनुराग प्रताप सिंह ने नेशनल यूथ गेम्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में अलग-अलग भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। गोवा के मडगांव स्थित चौगुले स्पोर्ट्स कॉलेज में नेशनल यूथ गेम्स एण्ड एजुकेशन फेडरेशन इंडिया के तत्वाधान में 17 अगस्त से 19 अगस्त तक आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में पूरे देश के 450 बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने भागीदारी की। कठिन स्पर्धा में ओपीएस के मोहम्मद अली ने 17 वर्ष 66 कि.ग्रा., अंश कुमार ने 17 वर्ष 46 किग्रा, अक्षत गुप्ता ने 17 वर्ष 90 किग्रा एवं अनुराग प्रताप सिंह ने 17 वर्ष, 90 किग्रा भारी वर्ग में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर सफलता का परचम लहराया। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

### शिवनंदनपुर निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने दीपेंद्र को नियुक्त किया संयोजक

**विश्रामपुर।** आगामी नगर पंचायत शिवनंदनपुर नगरीय निकाय चुनाव को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने



अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में संगठन ने चुनावी संचालन की कमान नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दिपेन्द्र सिंह चौहान को सौंपी है। पार्टी के जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की तरफ से जारी आदेश के अनुसार नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान को शिवनंदनपुर चुनाव संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है,नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान अपनी प्रतिबद्धता और संगठनात्मक दक्षता के लिए लंबे समय से पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं,ऐसे में उनसे अपेक्षा है कि वे चुनाव की हर गतिविधि को समन्वयित कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे,पार्टी सूत्रों का कहना है कि चुनाव को लेकर शिवनंदनपुर क्षेत्र में भाजपा पूरी रणनीति बना चुकी है, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है और मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने की योजना तैयार की गई है, दीपेंद्र सिंह चौहान की नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### सीआईएल में अनुकंपा नौकरी और आवास मुद्दे पर 5 सितम्बर को बैठक

**बिश्रामपुर।** देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों और उनके परिवारों से जुड़े दो बड़े मुद्दों पर जल्द ही निर्णायक कदम उठाए जाने वाले हैं,इसके लिए कंपनी प्रबंधन और विभिन्न श्रमिक संगठनों की संयुक्त बैठक 5 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है,यह बैठक न सिर्फ अनुकंपा नियुक्ति बल्कि सीआईएल के लाखों क्वार्टर और आवास प्रबंधन पर भी ऐतिहासिक फैसला कर सकती है,सूत्रों की मानें तो बैठक में मुख्य रूप से कंपनी प्रबंधन ने संकेत दिए हैं कि अनुकंपा नौकरी की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने पर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में यह स्पष्ट किया जाएगा कि किन परिस्थितियों में आवेदन किया जा सकता है,किसे प्राथमिकता मिलेगी और किस तरह से नौकरी आबंटित की जाएगी।ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि चाहते हैं कि हर योग्य परिवार को जल्द से जल्द लाभ मिले ताकि असमय दिवंगत कर्मचारियों के परिवार आर्थिक संकट से उबर सकें,कोल इंडिया के पास 7 लाख से अधिक आवास हैं,जबकि वर्तमान कर्मचारियों की संख्या लगभग 3 लाख के आसपास है।बड़ी संख्या में क्वार्टर खाली पड़े हैं और कई जगहों पर उनके जर्जर होकर खंडहर में बदलने का खतरा बना हूआ है,बैठक में इन सरप्लस क्वार्टरों को कैसे सुरक्षित रखा जाए और किन्हें उपलब्ध कराया जाए, के मुद्दे पर भी चर्चा होने की संभावना है।चर्चा है कि इन्हें ठेका मजदूरों,आउटसोर्सिंग कर्मियों और जरूरतमंद श्रमिकों को आबंटित किया जा सकता है।

## जंगल में आरा चलाकर बना रहे सिल्ली

# टाइगर रिजर्व का भी जंगल नहीं है सुरक्षित तस्कर बेखौफ होकर कर रहे पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

क्षेत्र के सामान्य जंगलों के उजाड़ने के बाद अब वन्य जीवों के लिए आरक्षित गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के संरक्षित जंगलों पर तस्करों की नजर लग गई है। यह जानकर हैरानी होगी कि जिस टाइगर रिजर्व में बिना अनुमति कोई प्रवेश तक नहीं कर सकता वहां तस्करों का संगठित गिरोह बेखौफ होकर पेड़ों पर आरा चला रहा हैं तथा सिल्ली बनाकर जंगल एवं सड़क मार्ग से सीमावर्ती मध्यप्रदेश सिंगरौली क्षेत्र में खपा रहा है।

**खास बात**

- चिरान की पैदल व बाइक से खपा रहे सिंगरौली में

दो दशक पूर्व तक घने जंगलों के कारण चर्चा में रहने वाले बिहारपुर वन परिक्षेत्र के जंगल अब खाली मैदान में तब्दील हो गए हैं। वनों का सफाया होने के बाद खेती का रकबा बढ़ गया है लेकिन अब वीरान जंगल स्थानीय लोगों के लिए पीड़ादायक साबित हो रहा है लोग जीवन में आए बदलावों को महसूस कर रहे हैं। तस्करों की मदद से कमाई के लिए जंगल को उजाड़ने वाले ग्रामीण भी परेशान हैं। सामान्य वनों का सफाया होने के बाद अब तस्कर ग्रामीणों की मदद से गुरू घासीदास नेशनल पार्क के जंगलों को बेखौफ होकर उजाड़ रहे हैं। जिस टाइगर रिजर्व में बिना अनुमति कोई प्रवेश तक नहीं कर सकता उस जंगल में लकडी तस्कर बेखौफ होकर न केवल हरे-भरे पेड़ों को काट रहे हैं बल्कि जंगल में ही आरा चलाकर सिल्ली और चौखट तैयार कर रहे हैं। तस्करों को अवैध कटाई की खुली छूट देने वाले विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने पिछले एक साल से जंगल का भ्रमण करना भी बंद किया है जिससे लकड़ी तस्करों की चांदी हो गई है। तस्कर शाम ढलने के बाद एवं भोर में मुख्य मार्ग से बाइक के सहारे एवं मकरादुआरी तथा अवतिकापुर पठारीपारा के रास्ते पैदल लकड़ी की सिल्ली एवं चौखट की तस्करी कर रहे हैं। सामान्य जंगलों में साल प्रजाति के पेड़ों का सफाया करने के बाद तस्कर टाइगर रिजर्व के जंगल में साल पेड़ों को काट कर सिल्ली बना रहे हैं। तस्करों की सक्रियता बढ़ने के कारण टाइगर रिजर्व के खोहिर, बैजनपाट, लूल्ह, भुण्डा, मोल्हुआ, जुड़वानियां, कछवारी, रामगढ़ एवं उमझर जंगल में लगातार बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है तथा दिन में सौ से अधिक तस्कर बाइक व पैदल लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं।



टाइगर रिजर्व में मकरोहर स्थित जांच चौकी, इनसेट में काटा गया पेड़।

#### बैरियर बना अनुयोगी

लकड़ी तस्करी एवं वन्य जीवों के शिकार पर नजर रखने नेशनल पार्क प्रबंधन द्वारा मकराढुआरी में जांच चौकी स्थापित की गई है। चौकी में एक बीटगार्ड एवं चौकीदार को तैनात किया है। स्थानीय निवासी होने के कारण दोनों वनकर्मी ड्यूटी की खानापूर्ति में व्यस्त रहते हैं। तस्कर जांच चौकी के सामने से सिल्ली की तस्करी करते हैं लेकिन कर्मचारी जांच पड़ताल तो दूर उन्हें टोकने तक की हिम्मत नहीं करते। क्षेत्रवासी वनकर्मियों पर भी तस्करों से साठगांठ की सूचना साझा करने का आरोप लगाते हैं।

#### बीजा के पेड़ों पर खतरा

अवैध कटाई के कारण बीजा प्रजाति के पेड़ों की संख्या अब बेहद कम हो गई है। टाइगर रिजर्व के रसौकी जंगल में ही बीजा प्रजाति के कुछ पेड़ बचे हैं। बीजा के सिल्ली की कीमत काफी अधिक मिलने के कारण तस्कर धड़ल्ले से हरे पेड़ों को काट रहे हैं। अवैध कटाई को रोकने शीघ्र कारगर पहल नहीं की गई तो समाप्ति की कगार पर पहुंचे बीजा प्रजाति के पेड़ों का अस्तित्व भी क्षेत्र से खत्म हो जाएगा। एक साल पूर्व पार्क की टीम बीच-बीच में जंगल की सर्चिंग करती थी जिससे तस्करों में खौफ रहता था। टीम को सर्चिंग के दौरान तस्करों की लगभग 15 बाइक जब्त करने में सफलता मिली है। ग्रामीण वन अधिकारियों पर तस्करी सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं।

#### तीन रेंज के प्रभार पर रेंजर

टाइगर रिजर्व के रिहंद रेंज में पदस्थ रेंजर ललित साय पैकरा लम्बे समय से महुली स्थित रिहंद रेंज के साथ रामगढ़ रेंज के प्रभार पर थे। हाल ही मेमं शासन द्वारा उन्हें जशपुर वनमण्डल अंतर्गत मनोरा वन परिक्षेत्र में स्थानांतरित किया गया है। पूर्व में रामगढ़ रेंज में अधिक समय तक व्यस्त रहने के कारण रिहंद रेंज में सुरक्षा गतिविधियां ठप थीं। स्थानांतरण के बाद रेंजर मनोरा परिक्षेत्र के साथ ही 200 किमी दूर रामगढ़ एवं रिहंद रेंज की भी जिम्मेदारी सम्भालने की खानापूर्ति कर रहे हैं। विभाग की इस लापरवाही न केवल जंगल बल्कि वन्य जीवनों के लिए भी बड़ी चुनौती बन गई है।

#### कर्मचारियों की कमी बड़ी बाधा

अधिकारी-कर्मचारियों की कमी बड़ी बाधाबनी है। उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया हैं जांच चौकी पर लापरवाही बरने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-सौरभ सिंह
डायरेक्टर, गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व



## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय जनदर्शन एवं मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित आवेदनों के निराकरण को प्राथमिकता से करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे सभी एसडीएम कार्यालयों में जनदर्शन का आयोजन होगा। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जिले वासियों से कहा कि प्रत्येक सोमवार को एसडीएम कार्यालयों में उपस्थित होकर अपनी समस्या के समाधान कराएं।

- प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे सभी एसडीएम कार्यालयों में होगा जनदर्शन

बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र हितग्राहियों को समय-सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंचायतों में प्रमाणपत्र समय पर बनाने के निर्देश भी दिए। बुनियादी सुविधाओं के समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत करने को कहा। जलजीवन मिशन की प्रगति तथा क्रेडा विभाग द्वारा सोलर आधारित जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी घरों में जल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के मामलों की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में शिक्षा का स्तर उन्नत करने और बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आरटीओ को स्कूल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शिविर आयोजित करके शिक्षार्थी लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सीएमएचओ कपिलदेव पैकरा को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित करने और मौसमी बीमारियों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत रूप में बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आंगनबाड़ियों, आश्रम छात्रावास एवं पंडो जनजाति निवास क्षेत्रों सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम सहित जिले के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेल महाकुंभ में डीएवी पतरातु के बच्चों ने हासिल किए पदक




**राजपुर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट-2025, छत्तीसगढ़ जोन खेल महाकुंभ में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। क्लस्टर लेबल के स्पोर्ट्स मीट में 17 डीएवी स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लेकर खेल व लक्ष्य के प्रति अपने जुनून, उत्साह, संकल्प, धैर्य, अनुशासन, क्षमता एवं ऊर्जा का बखूबी प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में शिवानी तिर्की अंडर-17 बालिका वर्ग में 200 मीटर रेस में और अनुराग कुमार शर्मा ने अंडर-19 बालक वर्ग में 400 मीटर रेस में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं आकिब रजा ने अंडर-19, बालक वर्ग में 200 मीटर रेस में, अभीरथ सिंह देव ने अंडर-17 बालक वर्ग में डिसकस थ्रो में, अक्षत कुमार शर्मा अंडर-17 बालक वर्ग ने शॉटपुट थ्रो में, आकृति गोप अंडर-14, बालिका वर्ग ने 100 मीटर रेस में रजत पदक अपने नाम किया। कांस्य पदक पर मोहम्मद तफ़सीर आलम अंडर-19, 100 मीटर रेस, बालक वर्ग, कृष्णा कन्हैया मिंज अंडर-19, लॉन्ग जंप, बालक वर्ग, मनीष कुमार सिंह अंडर-19, डिसकस थ्रो, बालक वर्ग, सौम्या शांडिल्य अंडर-17, 100 मीटर रेस, बालिका वर्ग और शारदा पैकरा अंडर-17, 400 मीटर रेस, बालिका वर्ग का कब्ज़ा रहा।



## ग्राम पंचायत भंवरमाल में किया गया पशु औषधालय का शुभारंभ

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग के मंत्री पद का प्रभार ग्रहण करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रामविचार नेताम की विधानसभा अंतर्गत विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत भंवरमाल में स्वीकृत पशु औषधालय का विधिवत शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत भंवरमाल में पशु औषधालय प्रारंभ होने से क्षेत्रीय पशुपालकों की रामानुजगंज पर निर्भरता कम होगी एवं उन्हें स्थानीय स्तर पर ही पशुओं की समुचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही विभिन्न प्रकार की बीमारियों की औषधियां भी उपलब्ध होंगी। शासन स्तर से पशु औषधालय भंवरमाल का प्रथम प्रभारी लवकेश पाण्डेय को नियुक्त किया गया है। नवीन पशु औषधालय प्रारंभ होने से ग्राम भंवरमाल, केरवाशिला, नगरा, धनपुरी, तांबेश्वरनगर, चंदनपुर, आरागाही, चंद्रनगर एवं बुलगांव के पशुपालकों को विभागीय सुविधा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पशुपालकों को संबोधित कर पशुधन विकास विभाग की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।अतिथियों ने पांच पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर, डिवार्मिंग की गोली की किट का वितरण किया गया। इस दौरान शैलेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, दयाल विश्वास, बीडी लाल, विकास गुप्ता, अमृत सिंह, संतोष यादव, संजीत गुप्ता,उत्तम गुप्ता, अमृत गुप्ता, रामनंदन गुप्ता, वासु राय, लालमोहन ठाकुर,डॉ. शिशिर कांत पाण्डेय, डॉ. एसएस सेंगर,डॉ. अनमोल सिंह, बीबी गुप्ता, लवकेश पांडेय, राकेश यादव, गोपालराम, रमेश पुरी, आनंदराम, रामकुमार सिंह, संतोष कश्यप एवं अन्य क्षेत्रीय अधिकारी,कर्मचारियों, पशुपालक एवं किसान उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत रविन्द्रनगर स्थित सड़क की हालत दयनीय, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम रविन्द्रनगर में पंचायती सड़क की खस्ता हालत को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है।ग्रामीणों का कहना है कि कई सालों की मेहनत और पंचायत निधि से बनी सड़क अब गड्ढों में तब्दील होकर हादसों को न्योता दे रही है,हालात इतने खराब हैं कि रोजाना राहगीरों और किसानों को चोटिल होने की नौबत आ रही है,पंचायत ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए मारुति नेक्सा शोरूम कार विक्रेता को गत दिनों नोटिस जारी करने उपरांत सोमवार को जमीन का सीमांकन कार्य कराया गया। प

- राजस्व अमले के साथ पंचायत प्रतिनधियों ने कराया सड़क का सीमांकन

'चायत प्रतिनिधियों ने बताया कि शो रुम संचालक द्वारा वाशिंग सेंटर संचालित करने के साथ वाहनों को पंचायती सड़क पर खड़ी कर देने से आमजन को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,यह सड़क मुख्य रूप से किसानों की उपज को मंडी सिलफिली व अंबिकापुर तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग है,लेकिन गड्ढों और कीचड़ के कारण ट्रैक्टर व छोटे वाहन फंस जाते हैं। स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को भी रोजाना जोखिम उठाना पड़ता है,ग्रामीणों ने पंचायत को कई बार आवेदन देकर समस्या से अवगत



कराया गया है,ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क हमारे जीवनरेखा जैसी है। लेकिन अब हालत यह है कि हमें पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है,बदहाल सड़क का सोमवार को राजस्व विभाग के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोमवार को शो रुम का सड़क से सीमांकन कार्य की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई,जिसमें काफी नोंकझोंक की स्थिति बनी।यहां पर पंचायत प्रतिनिधि एवं राजस्व प्रतिनिधि से शोरूम संचालक द्वारा सड़क मरम्मत कराने की बात कही गई है।

## तनावमुक्त जीवन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 25 अगस्त को आईक्यूएसी के तत्वावधान में तनावमुक्त जीवन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केन्द्र बैकुंठपुर की बहनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने ब्रह्माकुमारी बहनों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य द्वारा एवं कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य पर प्रकाश आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुमित कुमार डे ने डाला। ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने ओम शांति के वास्तविक अर्थ को समझाते हुए योग द्वारा आत्म-शांति का अनुभव कराया। उन्होंने आत्मबोध को आत्मा का भोजन बताया। बीके रूपा दीदी ने खुशी जीवन का राज विषय पर सकारात्मक सोच के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नकारात्मक सोच ही तनाव का मूल कारण है। उन्होंने कार्य के दबाव और तनाव के अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट किया और असफलता को स्वीकार कर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने पर बल दिया। बीके संजू दीदी ने स्वर्णिम भारत के लिए नशामुक्त भारत का संकल्प दिलाया और सभी छात्राओं व प्राध्यापकों से नशा त्यागने की प्रतिज्ञा करवाई।




## मेंटेनेंस अवधि समाप्त होते ही सड़क को भूला विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

सेदम से मुर्ताडांड़ तक की बारिश में न सिर्फ सड़क जर्जर हो गई है बल्कि हर बरसात में भूस्खलन होने से अब धरती 20 मीटर खिसक गई जिससे सड़क संकरी हो गई है। हैरानी बात तो यह है कि सड़क की संधारण अवधि समाप्त हो जाने पर अब विभाग सड़क को भूल गई है। ऐसे में प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत बनी सड़क की आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। पहाड़ी क्षेत्र स्थित सड़क के कटाव होने से और भी खतरनाक हो गई है। ऐसा नहीं है क्षेत्र के जनप्रतिधि सड़क की हालत से अवगत नहीं है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से अब ग्रामीणों के लिए यह सड़क अभिशाप बन गया है जबकि मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

बतौली के ग्राम पंचायत सेदम से मूर्ताडांड तक प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण 1 मई 2018 में शुरू हुआ और 30 जुलाई 2018 में 10 किलोमीटर की सड़क निर्माण ठेकेदार के माध्यम लागत 91.71लाख लागत से सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। जहां सड़क की संधारण अवधि 2023 तक की गई थी जिसमें भी 27.9 लाख की स्वीकृति से 5 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष में सड़क की बरसात बाद घास झाड़ियों की सफाई, रेनकट का भराव, शोल्डर का मरम्मत कार्य, सड़क का संधारण, सड़क किनारे नाली का संधारण कार्य किया जाना था। विडंबना यह है कि बोर्ड में दर्शाया इस कार्य का पालन आज तक नहीं किया गया। इधर ठेकेदार से मिलकर अधिकारी भी खाना पूर्ति ही किया जिससे पिछले 2 वर्षों से सड़क की दुर्दशा अत्यंत दयनीय हो गई है जहां अब राहगीरों के लिए सफर करना काफी कष्टदायक हो गया है। वर्तमान में सड़क की संधारण अवधि समाप्त हो गई है जिससे अब विभाग के अधिकारी सड़क को भूल गए है। ऐसे में देख रेख के अभाव व मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। सड़क के दोनों और साइड शोल्डर पूरी तरह से उखड़ गए है जबकि सड़क के घाट में पानी बहने से घाट भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई वर्षों तक तो साइड शोल्डर के बगल में स्थित झाड़ की भी सफाई नहीं होने तथा बरसात में भूस्खलन होने से अब सड़क संकरी हो गई। यह सड़क एकांकी मार्ग होने से हर रोज बड़ी संख्या में आवागमन करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क के जर्जर व एकांकी मार्ग होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है जबकि पूर्व में कई बार दुर्घटना हो चुकी है और कई लोग घायल भी हो चुके है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क की मरम्मत किए जाने की मांग की है।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी गई विविध जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में सोमवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम पार्षद आलोक दुबे, मनीष सिंह, शशिकांत जायसवाल के आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.रिजवान उल्ला ने महाविद्यालय की वर्तमान स्थितियों से अवगत कराया। पार्षद आलोक दुबे ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पार्षद मनीष सिंह ने विद्यार्थियों की समस्याओं की समस्याओं से हर समय रूबरू होने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों ने रसायन शास्त्र एवं गणित विषयों में अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था एवं प्रयोगशाला के सुचारू संचालन हेतु प्रयोगशाला सामग्रियों की व्यवस्था करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। डॉ.एन मेरी खलखो ने नवप्रेषित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के संबंध में जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ.सत्यनारायण साहू एवं धर्मेंद्र यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ.सुशील कुमार कश्यप ने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। अजय सिंह शाक्या ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मधुलिका कुजूर ने किया।

### महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

**शंकरगढ़।** अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय में आज नए शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शैक्षणिक अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार राय ने कहा कि दीक्षारंभ केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के जीवन की नई शुरुआत है, जो उन्हें ज्ञान, अनुशासन और उत्कृष्टता की राह दिखाता है। एनईपी एंबेसेडर तरूणा यादव एवं अंजना यादव ने एनईपी से सम्बन्धित सूचना एवं अपने विचार व्यक्त किए। एनईपी नोडल अनुभा मिंज ने इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अवसर, करियर विकल्प, नैतिक मूल्यों और डिजिटल युग की चुनौतियों पर मार्गदर्शन दिया। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष चिंतामणि भगत ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। जनपद उपाध्यक्ष प्रियंवदा सिंहदेव ने



विद्यार्थियों को अपने सपने साकार करने के लिए दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि अनुराग सिंहदेव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के शोध केंद्रित, गुणात्मक दृष्टि से शिक्षा का विकास तथा कहा कि यह नीति हमारे ज्ञान के व्यापक विस्तार को प्रोत्साहित करती हैं। इस नीति को इस पीढ़ी का सौभाग्य बताया। मुख्य अतिथि द्वारा सेवापूर्ति कर चुके महाविद्यालय के कर्मचारी भोलाराम को शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के साथ, विशिष्ट अतिथि अमिताभ सिंहदेव, राजेंद्र सिंह, मोहनलाल अग्रवाल, सत्यानंद पैकरा, रविन्द्र गुप्ता, मुकेश सिंह, महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# अगस्त्य और जुनैद का होगा बॉक्स ऑफिस में मुकाबला

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस क्लैश कुछ भी नया नहीं है। अक्सर बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े स्टार्स की फ़िल्में एक साथ रिलीज होती है। लेकिन इस बार बॉक्स ऑफिस मुकाबला दो स्टार किड्स के बीच में है। स्टार किड्स हैं अमिताभ बच्चन ने नाती अगस्त्य नंदा और आमिर खान के बेटे जुनैद खान। सूत्रों से पता चला है कि अगस्त्य नंदा और जुनैद खान की फ़िल्में सेम डे सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है । अगस्त्य नंदा की श्रीराम राघवन निर्देशित इक्कीस एक वॉर ड्रामा है, जिसमें वह लीड रोल निभा रहे हैं। शुरुआत में फिल्म इक्कीस को 2 अक्टूबर को रिलीज करने की योजना थी।

लाइफ Style

# दिव्या

## ब्लैकमेलर के किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'एक चतुर नार' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में नील और दिव्या के बीच चालाकी का खेल देखने को मिल रहा है। फिल्म में दिव्या ने एक ब्लैकमेलर का किरदार निभाया है।

ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला की आवाज से होती है, जिसमें वो कहती हैं कि 'हर शहर में दो तरह की बस्ती होती है। एक नदी किनारे वाली और एक नाले किनारे वाली' ट्रेलर में दिखाया गया है कि दिव्या खोसला फिल्म में गरीब बनी हैं, जो अपनी जीविका चलाने के लिए अलग-अलग काम करती दिखती हैं। जबकि नील नितिन मुकेश फिल्म में अभिषेक वर्मा के किरदार में नजर आएंगे, जो एक पैसे वाला शख्स है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या खोसला के हाथ कुछ ऐसा लगता है, जिससे वो नील नितिन मुकेश को ब्लैकमेल करने लग जाती है। फिर आगे कहानी किस तरह से मजाकिया से गंभीर हो जाती है, ये फिल्म देखने के बाद पता चलेगा। फिल्म का ट्रेलर फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ तो नहीं बताता है, लेकिन इतना गारंटी जरूर देता है कि फिल्म कॉमेडी, सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर होने वाली है। रहस्य, चालाकी और माइंग गेम से भरपूर ये ट्रेलर एक ऐसी कहानी का दावा करता है जहां चतुराई सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। ट्रेलर में आवाज आती है 'होशियारी शुरू'... इस टैगलाइन से साफ है कि फिल्म में दिमागी चालें, धोखे और अप्रत्याशित मोड़ देखने को मिल सकते हैं।



हॉलीवुड मसाला



# विकेडः फॉर... 21 नवंबर को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में आई फिल्म 'विकेड' ने 5 ऑस्कर पुरस्कार अपने नाम किए थे। अब इसका दूसरा पार्ट जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। इसमें ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मिशेल यो भी हैं। उन्होंने बताया कि क्यों इस फिल्म को दो पार्ट में बनाया गया है। 'विकेड 2' में ओज की चुड़ैलों की उत्पत्ति की कहानी है। 'विकेडः फॉर गुड' 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें सिंथिया एरिवो, एरियाना ग्रांडे, जेफ गोल्डब्लम और जोनाथन बेली भी हैं। 'विकेड' के निर्देशक जॉन एम. चू हैं।



# किम ने परिवार के साथ मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन ने आखिरकार 6 साल की कठिन मेहनत के बाद लॉ स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर ली है। इस अवसर पर किम ने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाया। बता दें कि किम ने यह डिग्री कैलिफोर्निया के 'लॉ ऑफिस स्टडी प्रोग्राम' से हासिल की है। किम ने साल 2021 में किम ने 'बेबी बार' परीक्षा पास की थी, जो कानून की पढ़ाई का पहला पड़ाव होता है। इसके बाद उन्होंने मल्टीस्टेट प्रोफेशनल रिस्पॉन्सिबिलिटी परीक्षा को भी सफलतापूर्वक पास कर लिया। किम ने इस उपलब्धि का जश्न अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक निजी समारोह में मनाया। किम ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की कई झलकियां साझा की। किम के दिवंगत पिता रॉबर्ट कार्दशियन भी एक दिग्गज वकील थे।



# नन्हे मेहमान की किलकारी से गूंजेगा घर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और सांसद राघव चड्ढा ने अपने पहले बच्चे के आगमन की घोषणा कर दी है। पहले गर्भावस्था की अफवाहों का खंडन करने वाली परिणीति अब मां बनने वाली हैं, यह 'गुड न्यूज़' सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के साथ यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने एक खूबसूरत सजे हुए केक की तस्वीर शेयर की, जिसे एक गोल चांदी की थाली में रखा गया था और उसके ऊपर एक मुलायम बेज रंग का कपड़ा बिछा था, जिसके पास ही नाजुक सफेद फूल रखे थे। बीच में, केक के दो छोटे पैरों के सुनहरे निशान हैं और साथ में "1 + 1 = 3" लिखा है, जो उनके बढ़ते परिवार का संकेत देता है। इस पोस्ट में परिणीति और राघव का एक वीडियो भी शामिल है।



# जूनियर एनटीआर : नहीं करेंगे काम...

**मुंबई।** 'वॉर 2' का प्रचार-प्रसार जिस स्तर पर हुआ था, लग रहा था ये बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ देगी। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का स्टारडम, यशराज जैसा इतना बड़ा प्रोडक्शन हाउस, 400 करोड़ का बजट, एक धांसू फिल्म के लिए जरूरी सारे मसाले इसमें थे, बावजूद इसके फिल्म बेस्वाद रह गई। अब वजह कोई भी रही हो, लेकिन फिलहाल एनटीआर ने बॉलीवुड में काम करने का ख्याल छोड़ दिया है। खबरें थीं कि 'वॉर 2' के बाद एनटीआर यशराज बैनर की एक सोलो हीरो वाली फिल्म में भी काम करेंगे, लेकिन अब खबर आ रही है कि एनटीआर ने फिलहाल इस फिल्म को रोक दिया है। उन्होंने एक नहीं, बल्कि यशराज के साथ कई फिल्मों की डील साइन की थी, लेकिन अब अभिनेता का पूरा ध्यान अपनी तेलुगू फिल्मों पर है।

टीवी मसाला

# 'नागिन 7' का टीजर आउट

मुंबई। टीवी का पॉपुलर शो 'नागिन' एक बार फिर से अपने नए सीजन के साथ आने वाला है। शो के सातवें सीजन का पहला टीजर मेकर्स ने रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर 'नागिन 7' का टीजर रिलीज किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'जिस की बेसबरी से राह देखी आपने हर दिन, आ रही है आपसे मिलने नागिन!' नागिन के सातवें सीजन के टीजर आने से फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। 'नागिन' बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत एकता कपूर निर्मित नागों और नागिन के बारे में बना एक अलौकिक टीवी शो है, जो टीवी पर प्रसारित होता रहा है।



पहले सीजन में मौनी रॉय, अर्जुन बिजलानी और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' के दूसरे सीजन में मौनी रॉय, करणवीर बोहरा और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' ने तीसरे सीजन में सुरभि ज्योति, पर्ल वी पुरी और अनीता हसनंदानी ने अभिनय किया। 'नागिन' के चौथे सीजन में निया शर्मा और विजयेंद्र कुमेरिया ने अभिनय किया। 'नागिन' के पांचवे सीजन में सुरभि चंदना, शरद मल्होत्रा और मोहित सहगल ने अभिनय किया। 'नागिन' के छठे सीजन में तेजस्वी प्रकाश, सिम्बा नागपाल, महक चहल, श्रेय मित्तल और वत्सल शेठ ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। अब वहीं 'नागिन 7' टीजर आज रिलीज हो गया है। बहरहाल, नागिन के चेहरे से पर्दा उठना अभी बाकी है।

# ईशान और विशाल की फिल्म होमबाउंड की आईएफएफएम में हुई ग्रैंड क्लोजिंग

**इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2025 का शानदार समापन होमबाउंड की आधिकारिक स्क्रीनिंग के साथ हुआ। यह फिल्म, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नीरज घेवन ने निर्देशित किया है और धर्मा प्रोडक्शंस ने निर्मित किया है, में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म ने ग्रैंड क्लोज़िंग नाइट में दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म ने इस साल फेस्टिवल में दो बड़े अवॉर्ड भी जीते – बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर।**



**मुंबई।** क्लोज़िंग नाइट पर दर्शकों की भारी भीड़ रही और ऑस्ट्रेलियन दर्शकों की बड़ी उत्सुकता के चलते फिल्म की दो स्क्रीनिंग रखी गईं। भावनात्मक कहानी और दमदार अभिनय ने सबका दिल छू लिया और फिल्म खत्म होते ही पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। फिल्म की सफलता पर नीरज घेवन ने कहा, "होमबाउंड को मेलबर्न लाना और यहां दो अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास है। इतनी विविधता से भरे लोगों के बीच होना एक अद्भुत अनुभव है। मैंने दुनिया के किसी भी कोने में ऐसा सहयोग और समर्थन कभी नहीं देखा जैसा यहां ऑस्ट्रेलियन सरकार और मंत्रीगण इस फेस्टिवल के लिए कर रहे हैं।"

# खरीदा अपने सपनों का पेंट हाउस



अपनी उपलब्धियों के अलावा, कृति ने अब मुंबई में अपने सपनों का पेंटहाउस खरीदा है, जो उनके लिए एक खास भावनात्मक मूल्य रखता है।

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी दोनों में एक बेहतरीन दौर का आनंद ले रही हैं। कई सफल फिल्मों और प्रमुख फ्रैंचाइजी में प्रमुख भूमिकाओं के साथ, उन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत से इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। अपनी उपलब्धियों के अलावा, कृति ने अब मुंबई में अपने सपनों का पेंटहाउस खरीदा है, जो उनके लिए एक खास भावनात्मक मूल्य रखता है। कृति ने बताया कि कैसे उनका यह सपना एक नए पेंटहाउस के साथ हकीकत में बदल गया है। कृति ने बताया कि कैसे लगा। लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि स्थिरता बहुत ज़रूरी है। मुझे घर घर जैसा ही पसंद है। मुझे बार-बार घर बदलना पसंद नहीं, खासकर माता-पिता के साथ। मुझे लगता है कि स्थिरता बहुत ज़रूरी है। वहीं कृति इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में बिजी हैं। इसी बीच मुंबई एयरपोर्ट से उनका वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर से होगी रिलीज

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने घोषणा की, कि उसकी नई ओरिजिनल कॉमेडी-ड्रामा सीरीज, डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर 12 सितंबर को किया जाएगा। इसमें तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी, इनके साथ जावेद जाफरी, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंह भी अहम किरदार निभा रहे हैं। धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह दिलचस्प और मजेदार सीरीज करण जौहर, आदर पूनावाला और अपूर्व मेहता ने प्रोड्यूस की है, जबकि एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार जुड़े हैं, इस सीरीज का निर्देशन कॉलिन डी'कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। डू यू वाना पार्टनर की कहानी नंदिनी गुप्ता, अर्श वोरा और मिथुन गंगोपाध्याय ने लिखी है और इसे गंगोपाध्याय व निशांत नायक ने क्रिएट किया है।




# 'जुगनुमा' का सामने आया नया पोस्टर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'जुगनुमा' की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। यह 12 सितंबर को रिलीज होगी। मेकर्स ने एक पोस्टर जारी कर इसकी जानकारी फैंस को दी है। 'जुगनुमा' को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म को खूब सराहा गया है। अब इसे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का एक पोस्टर तरण आदर्श ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, मनोज बाजपेयी की फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तारीफ बटोरने के बाद अब ये भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विजेता राम रेड्डी ने डायरेक्ट किया है। उन्हें कन्नड़ फिल्म थिथि के लिए ये अवॉर्ड मिला था। इसके पोस्टर में मनोज बाजपेयी अपनी ऑनस्क्रीन फैमिली के साथ दिखाई दे रहे हैं। इसमें एक बच्चा उनके कंधों पर बैठा है और सभी किसी बात का जश्न मनाते दिख रहे हैं। इस फिल्म की कहानी 1980 के दशक की है। इसमें जुगनू महादेव (मनोज बाजपेयी) रहस्यमयी तरीके से जल रहे जंगलों के बारे में पता लगाते हैं। इसमें मनोज बाजपेयी के साथ दीपक डोबरियाल, प्रियंका बोस, तिलोत्तमा शोम, हीरल सिद्धू और अवन पुकोट भी अहम किरदार निभा रहे हैं।



# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का टीजर आउट

**मुंबई।** 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर को एक बार फिर साथ देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। वहीं, मेकर्स भी उत्सुकता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा किया था और अब टीजर की जानकारी देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, "मंडप सजेगी, महफिल जमेगी...पर सनी और तुलसी की एंट्री सारी स्क्रिप्ट बदल देगी। टीजर 28 अगस्त गुरुवार को रिलीज होगा। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।" शशांक खेतान के निर्देशन में बनी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में एक बार फिर वरुण और जान्हवी स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे।



# 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म ओटीटी पर इसी महीने रिलीज होगी। इसमें सोनी राजदान और सबा आजाद लीड रोल में हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली महिला सिंगर नूर बेगम (राज बेगम) की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म की कहानी पद्मश्री से सम्मानित कश्मीरी गायिका राज बेगम पर बनी हैं, जिन्हें कश्मीर की 'मेलोडी क्वीन' के नाम से भी जाना गया। ट्रेलर में उनके उस संघर्ष की झलक है, जिन्होंने उन्हें लोकप्रिय गायिका बनाया। वह दौर ऐसा था कि कश्मीर में महिलाओं को गाने की इजाजत नहीं थी। मगर, तब राज बेगम ने परिवर्तित नाम के साथ यह सफर शुरू किया, विरोध झेला और फिर लगन और मेहनत के बूते सफलता के शिखर पर पहुंचीं। फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद दोनों ने राज बेगम का रोल अदा करते हुए अलग-अलग समयकाल को दिखाया है। ट्रेलर की शुरुआत में एक शख्स नूर बेगम (सोनी राजदान) से उनकी कहानी पूछता है। वे कहती हैं, क्या करेंगे मेरी कहानी का? जवाब मिलता है, 'आपकी कहानी लोगों तक पहुंचाना बहुत जरूरी है'। अगले दृश्य में सबा आजाद की एंट्री होती है।



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री से मिले मंडल अध्यक्ष

**खड़गवां**। सोमवार को खड़गवां मंडल में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष धरमपाल सिंह श्याम के नेतृत्व में मंत्री का आगमन ढोल-नगाड़ों की गूंज, फूल मालाओं और पटाखों के साथ हुआ। इस अवसर पर दोनों महामंत्री रमेश जायसवाल, पवन नेटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू, मुकेश जायसवाल, धनंजय पाण्डेय, अरूणोदय पाण्डेय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामप्रताप, हरवंश साहू, सतेन्द्र साहू, अजय सिंह, रामलाल सिंह, सरपंच प्रेमनारायण सिंह, राजेन्द्र साहू, आशीष गुप्ता, श्याम कार्तिक साहू, अशोक खरे, अनिल सिंह और शिवचंद उपस्थित रहे

### झगराखाण्ड़ में अतिक्रमण हटाने की बनेगी कार्ययोजना

**मनेन्द्रगढ़**। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ ने झगराखाण्ड नगर पंचायत क्षेत्र में हो रहे शासकीय भूमि अतिक्रमण को लेकर सख्त रूख अपनाया है। इस संबंध में नगर पंचायत झगराखाण्ड के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पत्र जारी कर आगामी बैठक में अतिक्रमण विषय पर विस्तृत चर्चा करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि नगर पंचायत झगराखाण्ड का अधिकांश क्षेत्र एसईसीएल हसदेव की बंद हो चुकी खदानों के आसपास है, जहां अतिक्रमणकारी लगातार राजस्व, वन और एसईसीएल प्रबंधन की शासकीय भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। साथ ही, कुछ क्षेत्रों में अतिक्रमण का प्रयास भी किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नगर पंचायत की बैठक 29 अगस्त को आयोजित की जाएगी, इसमें अतिक्रमण को हटाने और रोकने की कार्ययोजना पर चर्चा होगी, इसके लिए अतिक्रमण वाले स्थानों को पहले से चिन्हांकित कर उनकी सूची बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा तहसीलदारों को भी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र की प्रति प्रेषित की गई है।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम

**अनूपपुर**। सचिव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वाध के लिए किया जा चुका है, उनके लिए यह लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवंबर को होगा। रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक तथा फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**बैकुण्ठपुर**। जिले के सोनहत अंतर्गत ग्राम ओरगई निवासी युवक की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने घर के बाहर से पार कर दी। प्रार्थी अनुज कुमार राजवाड़े उम्र 26 वर्ष पिता स्व. समरजीत राजवाड़े ने बताया कि 17 अगस्त की रात लगभग 9 बजे उसने अपने बड़े भाई नरेन्द्र कुमार की हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीए 5506 को घर के बाहर परछी में खड़ा किया था। रात करीब 11:30 बजे जब वह वाहन को अंदर रखने बाहर आया, तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। परिजन ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। किसी अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ले जाने की आशंका पर पीड़ित ने थाना सोनहत में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोनहत पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 303 (2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच कर रही है।

## यूरिया की कालाबाजारी, संयुक्त टीम ने मारा छापा

# दुकान में लगा रखा था यूरिया नहीं है का बोर्ड, छापे में 37 बोरी जब्त



गोदाम में कार्रवाई करते प्रशासन की टीम।



जब्त यूरिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में यूरिया की कालाबाजारी चरम पर है। आलम यह है कि समितियों के बदले यूरिया सीधे निजी दुकानों में उतर रहा है और मिनटों में गायब भी हो जा रहा है जबकि ग्रामीण यूरिया के लिए भटक रहे हैं। इस बात का खुलासा सोमवार को कृषि विभाग और जिला प्रशासन की कार्रवाई से हुआ है। संयुक्त टीम ने दुकान में छापा मार कर 37 बोरी यूरिया जब्त किया है। गौर करने वाली बात यह है संचालक ने अपनी दुकान के बाहर बड़े बड़े अक्षरों में लिखा था कि यूरिया उपलब्ध नहीं है।

**खास बात**

- 37 बोरी यूरिया जब्त

दरअसल इस बार यूरिया की काफी कमी समितियों में देखने को मिल रही है। समितियों में यूरिया गायब है और निजी दुकानों में इसकी जमकर सप्लाई हो रही है। संचालक यूरिया को कई गुना अधिक दामों पर बेचकर कालाबाजारी कर रहे हैं। इसी बात की सूचना सोमवार को जिला प्रशासन और कृषि विभाग को मिली थी। प्रशासन को सूचना मिली थी कि शहर के शंकर ट्रेडिंग में दो ट्रक यूरिया आया है लेकिन इसके बाद भी किसानों को यूरिया नहीं दिया जा रहा है। इस बात की सूचना मिलने के बाद कृषि उप संचालक पीएस दीवान, तहसीलदार उमेश्वर सिंह बाज के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने दुकान में छापा मारा था। इस दौरान टीम को मौके पर 37 बोरी यूरिया मिला। इसके साथ ही बाहर यूरिया नहीं है का प्रिंट स्टीकर चस्पा किया गया था। ऐसे में टीम ने मौके पर सभी 37 बोरी यूरिया को कालाबाजारी की आशंका पर जब्त कर लिया और संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

### 1 हजार से 12 सौ में बिक रहा यूरिया

बताया जा रहा है कि सोमवार को दुकान में सुबह 6 बजे और दोपहर 11 बजे एक-एक ट्रक यूरिया पहुंचा था और मौके पर ही पिकअप व अन्य वाहनों की मदद से यूरिया को दूसरी जगह भेज दिया गया जबकि नियम के अनुसार यूरिया के स्टाक की पीओएस मशीन में एंट्री करनी होती है। एक तरह सहकारी समितियों में यूरिया उपलब्ध नहीं है और दूसरी ओर सीधे निजी संस्थानों में यूरिया की खेप पहुंचाई जा रही है, जहां महज 266 रुपए प्रति बोरी में मिलने वाला यूरिया किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर 1 हजार से 12 सौ रुपए तक में बेचा जा रहा है। अधिकारी मौके पर कार्रवाई की खाना पूर्ति करके वापस लौट आए।

### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

कार्रवाई के दौरान भी किसान केन्दाराम टोप्पो, कमलेश्वर खलखो ने बताया कि वे यूरिया लेने के लिए नियमित रूप से दुकान आ रहे हैं लेकिन उन्हें यूरिया नहीं दिया जा रहा है। यूरिया दुकान में रहने के बाद भी दौड़ाया जा रहा है। ऐसे में मजबूरन किसानों को 1 हजार रुपए से 15 सौ रुपए में खाद मिल रहा है। किसानों को खाद नहीं मिलने से परेशानी हो रही है और उनकी फसलों को नुकसान होने की संभावना है। वे सभी सोसायटी के चक्कर लगा चुके हैं लेकिन उन्हें यूरिया नहीं मिला।

### किया गया है जब्त

शिकायत के बाद शंकर ट्रेडिंग में उर्वरक की जांच की गई। दुकान से 37 बोरी यूरिया जब्त किया गया है। इसके साथ ही संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

-पीताम्बर सिंह दीवान
उप संचालक कृषि



## फर्जी अंकसूची लगाकर हासिल कर ली आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़। आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। कलेक्टर के निर्देश पर की गई जांच में महिलाओं द्वारा 8वीं की फर्जी अंकसूची के आधार पर नौकरी हासिल करने की पुष्टि हुई। इस मामले में पुलिस ने चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि एकीकृत बाल विकास परियोजना कुसमी क्षेत्र के शंकरगढ़ अनुभाग में वर्ष 2024-25 में आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की गई थी। सहायिकाओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की शिकायत एक महिला ने कलेक्टर से की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर ने इस मामले की जांच के निर्देश दिए थे। प्रभारी परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में इस मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आंगनबाड़ी बेहराटोली जार्गिम, कटहरपारा महुआडीह, धाजापाठ कोठली, डूमरपानी बेलकोना में चयनित सहायिकाओं द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर कक्षा आठवीं की फर्जी अंकसूची तैयार की गई और फर्जी अंकसूची के आधार पर ही उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल की। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(2), 318(4), 338, 336(3) ,340(2), 61(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद फर्जी अंकसूची बनाकर नौकरी हासिल करने वाली महिला आरोपी जारगेम निवासी 29 वर्षीया अरमाना पति शमशेर आलम, महुआडीह निवासी 33 वर्षीय रिजवाना पति अमरुद्दीन, कोठली निवासी 27 वर्षीया प्रियंका यादव पति आशीष यादव व बेलकोना निवासी 26 वर्षीया सुशीला सिंह पति उमा शंकर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी महिलाओं से फर्जी अंकसूची बरामद की गयी है । एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में जांच चल रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि महिलाओं ने फर्जी अंकसूची कहां से हासिल की। इसके साथ ही इस मामले में अन्य फरार चल रहे आरोपियों की तलाश भी जारी है।

- कलेक्टर के निर्देश पर जांच, चार महिलाएं गिरफ्तार

## चोरों ने अलग-अलग क्षेत्र से पार की दो बाइक

**अम्बिकापुर**। राजपुर खुटनपारा निवासी श्रेयस सिन्हा आ. स्व. अनुज कुमार सिन्हा (23 वर्ष) नमनाकला कार्मेल स्कूल के समीप किराए के मकान में रहकर व्यवसाय करता है। 21 अगस्त की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 2567 को किराए रूम के सामने खड़ा किया था। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बगल के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाते नजर आया। युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। दूसरी घटना में केनाबांध निवासी घनश्याम पाण्डेय आ. स्व. धर्मदेव पाण्डेय ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 5809 को 22 अगस्त की रात घर के सामने खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह 6 बजे उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी।

## भुगतान नहीं होने से भड़के गन्ना किसान, निकले तालाबंदी करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



लंबित बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को गन्ना किसानों का आक्रोश भड़क उठा। किसानों ने करोड़ों रुपए के भुगतान की मांग को लेकर कारखाना के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान कारखाना में तालाबंदी करने के लिए निकल पड़े। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। घंटों चले प्रदर्शन के बाद एसडीएम ने 15 दिनों में भुगतान कराए जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों का आन्दोलन समाप्त हुआ।

बता दें कि मां महामाया शक्कर कारखाना में गन्ना बेचने वाले किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान लंबित है। भुगतान लंबित होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि किसानों ने शक्कर कारखाने के सामने प्रदर्शन और कारखाना में तालाबंदी की चेतावनी दी थी। सोमवार को जिपं सदस्य सुरेश आयाम के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसान शक्कर कारखाना का घेराव करने पहुंचे थे। किसानों के इस प्रदर्शन को पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का भी समर्थन मिला और वे भी आन्दोलन में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि भुगतान न होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। गन्ना किसानों को परेशान किया जा रहा है। इस दौरान जिपं सदस्य सुरेश आयाम ने कहा कि जब तक गन्ना किसानों का भुगतान नहीं किया जाता है उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान किसानों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस व प्रशासन ने आन्दोलन के मद्देनजर बेरीकेट्स व अन्य सुरक्षा के इंतजाम किए गये थे। प्रदर्शनकारी धरना के बाद कारखाना में तालाबंदी के लिए रैली के रूप में निकल पड़े जिन्हें पुलिस ने रोक लिया।

## राजवाड़े समाज ने भेंट किया चंदन का पौधा



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के ग्राम उमझर की स्वर्गीय श्रीमती लीना राजवाड़े, पत्नी प्रवीण राजवाड़े की चंदन पगड़ी के अवसर पर 24 अगस्त को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। दिवंगत पुण्यात्मा की स्मृति में उनके परिवारजन को चंदन का पौधा भेंट कर रोपण के लिए दिया गया। इस अवसर पर रजवार समाज कोरिया के जिला उपाध्यक्ष राम कुमार राजवाड़े, कृष्ण कुमार राजवाड़े, जिला निरीक्षक राम कुमार राजवाड़े, जिला सदस्य डीआर राजवाड़े, बैकुंठपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद राजवाड़े सहित समाज के पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## सेवानिवृत्ति अवसर पर न्योता-भोज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



प्राथमिक शाला नरसिंहपुर में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्कूली बच्चों को अतिरिक्त पोषण आहार के तहत न्योता-भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक शेर मोहम्मद रोशन द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, एमआईएस प्रशासक भट्ट, एपीसी जयनाथ बाजपेयी, खंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, खंड स्त्रोत समन्वयक नीलेश शुक्ला तथा संकुल प्राचार्य अभय शर्मा सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। सभी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बच्चों ने स्वागत-गीत, शराब बंदी पर नाट्य प्रस्तुति और मोबाइल के दुष्प्रभाव पर लघु-नाटिका से संदेश दिया। साथ ही छात्राओं ने 36, 37 और 38 का पहाड़ा सुनाकर अतिथियों को प्रभावित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ पंगत में बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में आयोजक ने सभी अतिथियों व छात्रों को कलम भेंटकर सम्मानित किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत माशा नरकेली खेल परिसर में फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने पौधों की सुरक्षा के लिए शाला नायक को 500 प्रोत्साहन राशि प्रदान की। कार्यक्रम की सफलता में संकुल प्राचार्य अभय शर्मा, सीएसी कमलेश पांडेय, विमल मिंज, कनिज फातिमा, रविन्द्र सिंह, रमेश प्रधान और सिमोन तिग्गा का विशेष योगदान रहा।

## छात्राओं को अग्निशमन यंत्र के उपयोग की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को अग्निशमन यंत्र के उपयोग की जानकारी दी गई। व्याख्याता टी. विजय गोपाल राव ने विद्यालय में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र की कार्यप्रणाली समझाते हुए बताया कि यह उपकरण छोटे स्तर पर आग लगने पर उसे नियंत्रित करने में सहायक होता है। उन्होंने समझाया कि दबावयुक्त सिलेंडर में भरे पानी या फोम की प्रतिक्रिया से आग बुझाई जाती है। साथ ही अलग-अलग परिस्थितियों जैसे बिजली, पेट्रोल व सामान्य आग को बुझाने की विभिन्न विधियां बताईं। पेट्रोल की आग को रेत से बुझाने का कारण भी विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वयं अग्निशमन यंत्र का प्रयोग कर लाइव डेमो प्रस्तुत किया और आग बुझाने का अभ्यास किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मंत्री जायसवाल के ...

उस पर बहुत सुंदर शॉपिंग कॉप्लेक्स के साथ ऑडिटोरियम बनाने की राय स्वास्थ्य मंत्री को दी। कार्यकारी अध्यक्ष मंसूर मेमन ने शहर की छोटी-छोटी कई समस्याओं पर ध्यानाकर्षित किया, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल सीएमओ को निराकरण का निर्देश दिया। अरूण ताम्रकार सहित अन्य चैंबर पदाधिकारियों ने भी क्षेत्र विकास और व्यापार उन्नति से संबंधित कई जिज्ञासा और सुझाव मंत्री के समक्ष रखी।

### भाजपा सरकार की ...

जीवन खतरे में है। मंत्री क्षेत्र की जनता की पीड़ा को समझने की बजाए फीता काटने और मंचों से खोखले दावे करने में व्यस्त हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिले में तत्काल स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, अस्पतालों में सप्लाई हुई सभी दवाओं की उच्च स्तरीय जांच हो,नकली दवा सप्लाई करने वालों और इसमें शामिल अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज हो, गांव-गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मुफ्त दवा और इलाज की व्यवस्था हो, हर मरीज को समय पर एम्बुलेंस और बेड उपलब्ध कराने की गारंटी हो।

### अंधविश्वास व कुप्रथाओं ...

बल दिया। वहीं सलीम कुमार और रवि द्विवेदी ने छात्रों को तार्किक मन विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कमल डडसेना, अमरनाथ सिंह, श्रीमती ताहिरा बानो, श्रीमती अंजुलता द्विवेदी, रवि द्विवेदी, ऋषभ शुक्ला, सलीम कुमार एवं ब्रह्मानंद सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## उचित मूल्य दुकान से एक लाख रुपए के राशन की चोरी

**बिश्रामपुर**। सूरजपुर जनपद पंचायत के ग्राम पण्डोनगर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान से अज्ञात चोरों ने बड़ी मात्रा में शासकीय खाद्यान्न पार कर दिया है।दुकान संचालक सुखनाथ एवं ग्राम सरपंच बसंती ने मामले की सूचना जयनगर पुलिस को दे दी है।पुलिस को दिए शिकायत पत्र में सरपंच और दुकान संचालक ने उल्लेख किया है कि उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन ग्राम पंचायत के द्वारा किया जा रहा है, गत दिवस दुकान में रखे खाद्यान्न में से दस क्विंटल चावल, चना सात क्विंटल एवं चीनी एक क्विंटल चौंसठ किलो को अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर पार कर दिया है। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व ही अजबनगर उचित मूल्य दुकान में चोरों ने सेंधमारी करने के बाद बड़ी मात्रा में खाद्यान्न सामानों की चोरी कर ली है, इसके बाद ग्राम गणेशपुर स्थित शासकीय दुकान में भी चोरों ने राशन चोरी का असफल प्रयास किया था।राशन दुकानों में सिलसिलेवार तरीके से खाद्यान्न की चोरी किसी गिरोह के शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411